**1.** हड़प्पा सभ्यता में स्वर्णाभूषणों के प्रयोग के प्रमाण प्राप्त होते हैं :

(i) अल्लाहदीनो से

(ii) हड़प्पा से

(iii) मोहनजोदड़ो से

(iv) मण्डी से

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए।

(1) केवल (i) और (ii)

(2) केवल (ii) और (iii)

(3) केवल (iii) और (iv)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**2.** निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

| | **पुरातात्त्विक केन्द्र** | | **नदी** |
|---|---|---|---|
| (1) | आलमगीरपुर | - | भादर |
| (2) | राखीगढ़ी | - | दृषद्वती |
| (3) | रोपड़ | - | सतलज |
| (4) | मांडा | - | चेनाब |

**3.** निम्नलिखित वैदिक देवताओं में से कौन–से एशिया माइनर के मितान्नी लोगों के धार्मिक जीवन के अंग थे ?

(1) इन्द्र, रूद्र, वरूण

(2) इन्द्र, वरूण

(3) रूद्र, नासत्य

(4) अग्नि, नासत्य

**4.** बौद्ध परम्परा के अनुसार गौतम बुद्ध के ठीक पहले निम्नलिखित में से कौन से बुद्ध हुए थे ?

(1) ककुसन्ध

(2) कोणागमन

(3) कस्सप

(4) विपस्सी

**5.** निम्नलिखित में से गौतम बुद्ध के समकालीन कौन-से राज्य गणतंत्रात्मक व्यवस्था के लिए प्रसिद्ध थे ?

(i) मल्ल

(ii) शाक्य

(iii) वज्जि

(iv) वत्स

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) केवल (i) और (ii)

(2) केवल (ii) और (iv)

(3) केवल (i), (ii) और (iii)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**6.** आभिलेखिक साक्ष्यों से पता चलता है किसी नंद राजा ने एक नहर खुदवायी थी :

(1) अंग में

(2) वंग में

(3) कलिंग में

(4) मगध में

**7.** सारनाथ के अतिरिक्त अशोक के कौन-से स्तम्भ सिंह-शीर्ष युक्त हैं ?

(i) वैशाली स्तम्भ

(ii) लौरियानन्दनगढ़ स्तम्भ

(iii) सांची स्तम्भ

(iv) संकिसा स्तम्भ

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (i)

(2) केवल (ii) और (iii)

(3) केवल (i), (ii) और (iii)

(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**8.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**वक्तव्य (I)** : भारत का रोम के साम्राज्य के साथ सामुद्रिक व्यापार था।

**वक्तव्य (II)** : अरिकमेडु के उत्खनन से बड़ी संख्या में रोमन सिक्के प्राप्त हुए हैं।

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) वक्तव्य **(I)** सही है, किन्तु वक्तव्य **(II)** गलत है।

(2) वक्तव्य **(I)** गलत है, किन्तु वक्तव्य **(II)** सही है।

(3) वक्तव्य **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(4) वक्तव्य **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

9. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** **( आचार्य )** | | **सूची-II** **( धर्म )** |
|---|---|---|---|
| (a) | लकुलीश | (i) | बौद्ध धर्म |
| (b) | नाथमुनि | (ii) | जैन धर्म |
| (c) | सुधर्मा | (iii) | शैव धर्म |
| (d) | वसुबन्धु | (iv) | वैष्णव धर्म |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

10. निम्नलिखित प्रशस्तिकारों को तिथिक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) वत्सभट्टि

(ii) रविकीर्ति

(iii) हरिषेण

(iv) रविशान्ति

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (ii), (iii), (i), (iv)

(3) (iii), (i), (iv), (ii)

(4) (iii), (i), (ii), (iv)

11. उड़ीसा के मन्दिरों के निम्नलिखित अंगों को नीचे से प्रारंभ कर ऊपर के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) बरंड

(ii) बेकी

(iii) खर्पुरी

(iv) पाभाग

नीचे दिये गये **कूट** की सहायता से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (ii), (i), (iv), (iii)

(3) (iii), (iv), (i), (ii)

(4) (iv), (i), (ii), (iii)

**12.** किसके प्रभाव में ऐसा माना जाता है कि पल्लव राजा महेन्द्रवर्मन-I ने जैन धर्म का परित्याग कर शैव धर्म को स्वीकार कर लिया था ?

(1) अप्पर

(2) मानिक्कवासगर्

(3) सम्बन्दर्

(4) सुन्दरर्

**13.** निम्नलिखित में से कौन शिव की संहारमूर्तियों में सम्मिलित **नहीं** है ?

(1) कालारिमूर्ति

(2) शरभेषमूर्ति

(3) मल्लारिमूर्ति

(4) किरातार्जुनमूर्ति

**14.** वीनस किस ग्रीक देवी का रोमन संस्करण प्रतीत होती है ?

(1) एथेना

(2) एफ्रोडाइट

(3) आर्तेमिस

(4) क्लियो

**15.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें से एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** प्राचीनतम अभिलेख प्राकृत भाषा में हैं।

**कारण (R) :** प्रारम्भिक भारत में प्राकृत भाषा पूर्णरूप से विकसित भाषा थी।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है ?

(1) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

**16.** प्रारम्भिक भारतीय इतिहास में घटित निम्नलिखित विकास सम्बन्धी गतिविधियों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) दशमलव का प्रयोग

(ii) शून्य का प्रयोग

(iii) भारतीय अंकों का प्रयोग

(iv) ज्यामिति का प्रयोग

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (iv), (iii), (ii), (i)

(2) (iii), (ii), (i), (iv)

(3) (ii), (i), (iv), (iii)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**17.** निम्नलिखित विदेशी प्रजातियों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) शक

(ii) पह्लव

(iii) हिन्द–यूनानी

(iv) कुषाण

नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (ii), (i), (iv), (iii)
(2) (iii), (i), (ii), (iv)
(3) (iv), (ii), (i), (iii)
(4) (i), (iv), (iii), (ii)

**18.** निम्नलिखित हड़प्पीय पुरास्थलों में से एक पर प्रस्तर मनकों के बरमे पाए गए हैं। इसकी पहचान कीजिए :

(1) कालीबंगा

(2) फरमाणा

(3) राखीगढ़ी

(4) चन्हुदाड़ो

**19.** निम्नलिखित में से उत्तरी भारत में उस क्षेत्र की पहचान कीजिए जहाँ द्वितीय नगरीकरण का विकास हुआ ?

(1) शुष्क क्षेत्र

(2) अर्ध शुष्क क्षेत्र

(3) हिमालय का पर्वतीय क्षेत्र

(4) नम क्षेत्र

**20.** निम्नलिखित में किस कुषाण शासक ने प्रथम बार स्वर्ण मुद्राएँ ढलवायी ?

(1) कुजुल कडफिसस

(2) विम कडफिसस

(3) कनिष्क

(4) हुविष्क

**21.** भारतीय इतिहास लेखन में निम्नलिखित इतिहासकारों में किसने ‘हिन्दु पुनर्जागरण’ की अगवाई की ?

(1) रजनी पाम दत्त

(2) आर.सी. मजूमदार

(3) राजेन्द्रलाल मित्र

(4) बिपन चन्द्रा

**22.** बुद्ध के जीवन में महत्व के निम्नलिखित स्थानों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) कुशीनगर

(ii) लुम्बिनी

(iii) सारनाथ

(iv) बोधगया

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (iii), (iv), (ii)

(2) (ii), (iv), (i), (iii)

(3) (ii), (iv), (iii), (i)

(4) (iii), (i), (iv), (ii)

**23.** सती प्रथा का प्रथम अभिलेखीय प्रमाण निम्न में मिलता है :

(1) एरण अभिलेख

(2) मेहरौली लौह स्तम्भ अभिलेख

(3) इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख

(4) नागानिका गुहा अभिलेख

**24.** निम्नलिखित में उस सामग्री की पहचान कीजिए जिस पर प्रारम्भिक भारतीय काल में पाण्डूलिपियों की रचना की जाती थी ?

(1) मेष चर्म

(2) ताम्र पत्र

(3) भोज पत्र

(4) कांस्य पत्र

**25.** **सूची**-I को **सूची**-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (ग्रंथ/विषय)** | | **सूची-II (विषय-वस्तु)** |
|---|---|---|---|
| (a) | शिक्षा | (i) | भाषाविज्ञान |
| (b) | कल्प | (ii) | संस्कृत भाषा के नियम |
| (c) | व्याकरण | (iii) | वैदिक धर्मानुष्ठान व विधि |
| (d) | निरूक्त | (iv) | वैदिक ग्रन्थों का उच्चारण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**26.** निम्नलिखित ताम्रपाषाणयुगी पुरास्थलों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) गिलुन्द

(ii) कायथा

(iii) अहाड़

(iv) गणेश्वर

नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (iii), (ii), (iv)
(2) (ii), (i), (iv), (iii)
(3) (iv), (iii), (ii), (i)
(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**27.** हम्मूराबी एमोरित जन के प्रथम बैबिलोनियन राजवंश का प्रसिद्ध राजा था, उससे पूर्व उपर्युक्त राजवंश में कितने राजाओं ने शासन किया था ?

(1) 2
(2) 3
(3) 4
(4) 5

**28.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | उत्तरपूर्वी मेसोपोटामिया क्षेत्र | (i) | ऊँचे-नीचे हरे-भरे मैदान |
| (b) | उत्तरी मेसोपोटामिया | (ii) | घास के ऊँचे भू-भाग (स्टेप) |
| (c) | दक्षिणी मेसोपोटामिया | (iii) | फारस की खाड़ी |
| (d) | दक्षिणपूर्वी मेसोपोटामिया | (iv) | रेगिस्तान |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र रोम के साम्राज्य का अंग **नहीं** था ?

(1) मार्जियाना

(2) उत्तरी अफ्रीका

(3) फरटायल क्रीसेंट

(4) यूरोप

**30.** निम्नलिखित में से अपने किस लेखन का, दारा ने शीर्षक 'समुद्र संगम' के अंतर्गत अनुवाद करवाया जिससे वह हिन्दू विद्वानों के लिये उपलब्ध हो सके ?

(1) सिर्र-ए अकबर

(2) सफीनात-उल औलिया

(3) सकीनत-उल औलिया

(4) मजमा अल-बहरीन

**31.** "मैंने भारत की प्रशंसा दो कारणों से की है। प्रथम, क्योंकि भारत हमारा देश है, और मेरा जन्म स्थान है। देशप्रेम एक महत्वपूर्ण दायित्व है। ... हिन्दुस्तान जन्नत समान है। इसकी जलवायु खुरासान से अधिक बेहतर है। यहाँ के ब्राह्मण अरस्तू की भाँति ज्ञानी हैं। ..."

विद्वान/लेखक की पहचान कीजिए -

(1) अल-बिरूनी

(2) अमीर खुसरो

(3) इसामी

(4) याहिया बिन अहमद सिरहिंदी

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन-I :** एक अनुमान के अनुसार, फिरोज़ तुगलक के शासनकाल में किसी निम्न सरकारी अधिकारी या एक सिपाही के लिए रहन-सहन सस्ता था किन्तु कारीगरों और कामगारों के बारे में ऐसा नहीं था।

**कथन-II :** मध्यकालीन समाज वृहत् असमानताओं का समाज था। शहरों में, अमीर वर्ग और संपन्न व्यापारी ठाट-बाट का जीवन व्यतीत करते थे। हालाँकि, आम जनता सादा जीवन व्यतीत करती थी, और उन्हें प्राय: कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) **कथन-I** सही है, किन्तु **कथन-II** गलत है।

(2) **कथन-I** गलत है, किन्तु **कथन-II** सही है।

(3) **कथन-I** और **कथन-II** दोनों सही हैं।

(4) **कथन-I** और **कथन-II** दोनों गलत हैं।

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा सूफी सिलसिला बा-शरा (सूफी जो इस्लामी कानून [शरिया] का पालन करते हैं) वर्ग से संबंधित है ?

(i) चिश्ती

(ii) सुहरावर्दी

(iii) कलंदरिया

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i) और (ii)

(2) (ii) और (iii)

(3) (i) और (iii)

(4) (i), (ii) और (iii)

**34.** शहज़ादा दारा शुकोह और उनकी बहन जहाँआरा, निम्नलिखित में से किस सूफी संत के शिष्य थे ?

(1) शेख़ मूसा

(2) मुल्ला शाह

(3) शेख़ अब्दुल कादिर

(4) ग़ौस शत्तारी

**35.** निम्नलिखित में से किन वाद्य यंत्रों को तुर्क अपने साथ भारत लाए ?

(i) रबाब

(ii) साज़खयाल

(iii) सारंगी

(iv) सितार

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i) और (ii)

(2) (ii) और (iii)

(3) (i) और (iii)

(4) (i) और (iv)

**36.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और सूची के नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (चैतन्य की जीवनी)** | | **सूची-II (रचयिता)** |
|---|---|---|---|
| (a) | चैतन्यचरितअमृत | (i) | लोचन दास |
| (b) | चैतन्यभागवत | (ii) | कृष्णदास कविराज |
| (c) | चैतन्य मंगल | (iii) | कवि कर्णपुरा |
| (d) | चैतन्यचरितअमृत महाकाव्यम् | (iv) | वृंदावन दास |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**37.** अकबर के शासनकाल में, शेरशाह का चाँदी का रुपया जो आकृति में गोल था, एक मानक सिक्का था। निम्नलिखित में से अकबर द्वारा कौन-सा चौकोर चाँदी का रुपया जारी किया गया ?

(1) जलाला

(2) पंदान

(3) दर्ब

(4) सूकी

TELEGRAM - @TEACHINGEXAM FOR CTET DSSSB KVS AND OTHER EXAM


**38.** औरंगज़ेब द्वारा जज़िया के पुन: लगाए जाने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(i) औरंगज़ेब ने जज़िया को 1679 में पुन: लगाया।

(ii) राजकीय सेवाओं में रत सभी राजपूतों को जज़िया चुकाने से छूट प्राप्त थी।

(iii) अपवादस्वरूप उनके वतन (निवासस्थान) क्षेत्र की राजपूत प्रजा को भी जज़िया चुकाने से छूट दी गई थी।

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i) और (iii)

(2) (ii) और (iii)

(3) (i) और (ii)

(4) (i), (ii) और (iii)

**39.** मुगल राजस्व शब्दकोश में *पैबाकी* क्या इंगित करता है ?

(1) राजस्व मुक्त अनुदान

(2) जागीर में आवंटन के लिए सुरक्षित रखा क्षेत्र

(3) सशर्त जागीरें

(4) वंशानुगत जागीरें

**40.** निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह ने *अल्तून तमग़ा* जागीर स्थापित की ?

(1) अकबर

(2) जहाँगीर

(3) शाहजहाँ

(4) औरंगज़ेब

**41.** निम्नलिखित में से कौन-से युद्ध में बाबर ने *जिहाद* की घोषणा की और विजय के उपरांत *गाज़ी* की उपाधि धारण की ?

(1) भीरा का युद्ध

(2) खानवा का युद्ध

(3) पानीपत का युद्ध

(4) घाघरा का युद्ध

**42.** निम्नलिखित में से किन मकबरों की संरचना अष्टभुजाकार है?

(i) बलबन का मकबरा

(ii) सुलतान गढ़ी का मकबरा

(iii) ग्यासुद्दीन तुग़लक का मकबरा

(iv) खान-ए जहान मक़बूल का मकबरा

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i) और (iv)

(2) (ii) और (iv)

(3) (i), (ii) और (iii)

(4) (ii), (iii) और (iv)

**43.** दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल के सैन्य पदों को आरोही क्रम में नीचे से ऊपर की ओर कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) सर-ए खैल

(ii) सिपहसालार

(iii) अमीर

(iv) मलिक

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (iv), (iii), (ii), (i)

(3) (ii), (i), (iv), (iii)

(4) (iii), (iv), (i), (ii)

**44.** *दीवान-ए अर्ज़* के संदर्भ में निम्न में से कौन से कथन **सही** हैं?

(i) *दीवान-ए अर्ज़* एक सैन्य विभाग था।

(ii) उसका मुखिया *अरिज़-ए ममालिक* था।

(iii) *अरिज़* सेना का प्रधान सेनापति था।

(iv) *अरिज़* के विभाग का विशेष दायित्व सेना की भर्ती, साजो-सामान जुटाना और वेतन देना था।

नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (ii) और (iii)

(2) (ii) और (iii)

(3) (i), (ii) और (iv)

(4) (ii), (iii) और (iv)

**45.** निम्नलिखित में से कौन एक शिया संप्रदाय **नहीं** है?

(1) इस्माइली

(2) खारिजी (Kharijites)

(3) इथना अशारी

(4) ज़ैदी

46. पूर्व-इसलामी अरब का प्रथम कवि कौन है जिन्हें प्रारंभिक मुआल्लक़ात कविताओं का रचयिता माना जाता है ?
   (1) इमरूल क़ैस
   (2) अल-फराहिदी
   (3) अव्स बिन हजार
   (4) ज़ुहेर

47. निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध अशाराई विचारक थे ?
   (i) अल-ग़ज़ाली
   (ii) फख्र अल-दीन अल-राज़ी
   (iii) अल-फ़राज़
   (iv) अल-फ़राबी

   नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :
   (1) (i) और (iii)
   (2) (ii) और (iii)
   (3) (iii) और (iv)
   (4) (i) और (ii)

48. **सूची**-I को **सूची**-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** (**फितना**) | | **सूची-II** (**कारण**) |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रथम फितना | (i) | उस्मान के उत्तराधिकारियों के प्रश्न पर |
| (b) | द्वितीय फितना | (ii) | जब सीरियाई सेनाओं ने खलीफा अल-वालिद द्वितीय की हत्या कर दी |
| (c) | तृतीय फितना | (iii) | अल-अमीन और अल-मामून के मध्य संघर्ष |
| (d) | चतुर्थ फितना | (iv) | खलीफा के पद के लिये अब्दुल्लाह इब्न ज़ुबैर की उम्मीदवारी के प्रश्न पर |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

49. निम्नलिखित में से किस वर्ष में हूण प्रमुख रूआ/रूगीला ने विभिन्न हूण कबीलाई समूहों को संगठित किया और कबीले को मजबूती प्रदान की ?
   (1) 430
   (2) 431
   (3) 432
   (4) 434

**50.** निम्नलिखित में से पहचान कीजिए जो रोमन साम्राज्य के कार्यों में महत्वपूर्ण अंग नहीं था ?

(1) सम्राट

(2) सेना

(3) अभिजात वर्ग

(4) धार्मिक नेता

**51.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** गुप्तोत्तर काल में मुद्राओं के प्रचलन में गिरावट आई।

**कारण (R) :** व्यापार में बड़े पैमाने पर ह्रास हुआ।

उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन-सा **सही** है ?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

**52.** बाल्मिक रामायण को अन्तिम रूप देने के लिए कितनी अवस्थाओं से गुजरना पड़ा ?

(1) दो चरण

(2) तीन चरण

(3) चार चरण

(4) पाँच चरण

**53.** निम्नलिखित में किसने खजुराहो के मन्दिरों का निर्माण करवाया ?

(1) परमारों ने

(2) चौहाणों ने

(3) पालों ने

(4) चन्देलों ने

**54.** ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा बम्बई दक्खन में प्रथम राजस्व बन्दोबस्त किस वर्ष में प्रारम्भ किया ?

(1) 1793

(2) 1765

(3) 1818

(4) 1875

**55.** निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

| | **( संगठन )** | | **( नेता )** |
|---|---|---|---|
| (1) | होम रुल लीग | - | बाल गंगाधर तिलक |
| (2) | नेशनलिस्ट पार्टी | - | मदन मोहन मालवीय |
| (3) | नेशनल लिबरेशन फ्रंट | - | तेज बहादुर सप्रु |
| (4) | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया | - | लाला लाजपत राय |

56. निम्नलिखित में से कौन–कौन केबिनेट मिशन प्लान से जुड़े हुये थे ?

(1) लॉर्ड पैथिक लॉरेंस, सर स्टेफोर्ड क्रिप्स एवं लॉर्ड वावेल

(2) ए.वी. अलैग्जेंडर, सर स्टेफोर्ड क्रिप्स एवं लॉर्ड पैथिक लॉरेंस

(3) लॉर्ड वावेल, सर स्टेफोर्ड क्रिप्स एवं ए.वी. अलैग्जेंडर

(4) लॉर्ड माउंटबेटन, ए.वी. अलैग्जेंडर एवं लॉर्ड वावेल

57. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1916 के लखनऊ सत्र से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा सही **नहीं** है ?

(1) कांग्रेस के दो पक्ष पुन: एक हो गये।

(2) 1907 के बाद लखनऊ कांग्रेस पहली बार एकत्रित हुयी।

(3) कांग्रेस और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के मध्य सम्बन्ध इतने खराब हो गये कि दुबारा ठीक न हो सके।

(4) लखनऊ सत्र की अध्यक्षता ए.सी. मजूमदार ने की।

58. निम्नलिखित में से किस अखबार का सम्बन्ध महात्मा गांधी से **नहीं** था ?

(1) इण्डियन ओपिनियन

(2) यंग इण्डिया

(3) द लीडर

(4) हरिजन

59. भारत की कॉन्स्टिटुअंट असेम्ब्ली की प्रमुख समितियों एवं उनके अध्यक्षों को सुमेलित कीजिए और सूची के नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची–I** **( कमिटी )** | | **सूची–II** **( अध्यक्ष )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | युनियन कॉन्स्टिट्यूशन कमिटी | (i) | डॉ. बी.आर. अंबेडकर |
| (b) | प्रोविन्शियल कॉन्स्टिट्यूशन कमिटी | (ii) | डॉ. राजेंद्र प्रसाद |
| (c) | ड्राफ्टिंग कमिटी | (iii) | सरदार वल्लभभाई पटेल |
| (d) | स्टीअरिंग कमिटी | (iv) | पंडित जवाहरलाल नेहरू |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

60. निम्न में से किसने आई.एन.ए. (INA) के गठन के लिये प्रथम कदम बढ़ाया ?

(1) कैप्टन शाह नवाज़ खान

(2) कैप्टन मोहन सिंह

(3) रास बिहारी बोस

(4) सुभाष चन्द्र बोस

**61.** निम्नलिखित में से किसने 1857 के विद्रोह को भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नाम दिया ?

(1) श्यामजी कृष्ण वर्मा

(2) विनायक दामोदर सावरकर

(3) खुदीराम बोस

(4) चम्पक रामन पिल्लै

**62.** निम्नलिखित में से कौन-सा 1857 का विद्रोही था जिसने अपने इलाके यानि 'देश चौरासी' के किसानों को लामबंद कर एक अंग्रेज अफसर के बंगले को 'हॉल ऑफ जस्टिस' में परिवर्तित कर दिया था ?

(1) मौलवी अहमदुल्लाह शाह

(2) शाह मल

(3) राजा नाहर सिंह

(4) राव तुला राम

**63.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** और दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अंगीकरण 22 जुलाई 1947 को हुआ।

**कारण (R) :** राष्ट्रीय ध्वज की अभिकल्पना पी. वैंकइया ने की।

उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है ?

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

**64.** रहनुमाई माझदायास्नान (1851) सभा के संस्थापक कौन थे ?

(1) कर्सेटजी मानोकजी एवं मानेकजी कर्सेटजी

(2) धनजी नौरोजी एवं खुर्शिद नरीमन

(3) दिनशा वाच्छा, एस.एस. बंगाली एवं नौरोजी फर्दुनजी

(4) बी.एम. मलबारी एवं फिरोज़शाह मेहता

65. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिये एवं नीचे दिये गये **कूट** में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची-I** **( जनजाति का नाम )** | | **सूची-II** **( राज्य का नाम )** |
|---|---|---|---|
| (a) | भील | (i) | झारखंड |
| (b) | टोड़ा | (ii) | अंडमान एवं निकोबार |
| (c) | जारवा | (iii) | राजस्थान |
| (d) | संथाल | (iv) | तमिलनाडू |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

66. किस महिला समाज सुधारक ने मुस्लिमों की पर्दा-प्रथा की आलोचना करते हुए *सुलतानाज़ ड्रीम* (1905) तथा *अवरोधबासिनी* (1929) नामक लघु कथाएँ लिखी थीं ?

(1) कैथरीन मेयो

(2) श्रीमती रेहाना तैय्यबजी

(3) बेगम जहाँआरा शाह नवाज

(4) बेगम रूकय्या शेखावत हुसैन

67. 1882 में *स्त्री-पुरुष-तुलना* नामक सारगर्भित रचना किसने लिखी थीं ?

(1) काशीबाई कनितकर

(2) आनंदीबाई कर्वे

(3) रोसालिंड ओ'हानलॉन

(4) ताराबाई शिंदे

68. 20 अक्टूबर 1934, में *अखिल भारतीय कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी* का उद्घाटन किस स्थान पर हुआ था ?

(1) पटना

(2) कलकत्ता

(3) बम्बई

(4) इलाहाबाद

69. निम्नलिखित में से किसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भाग **नहीं** लिया था ?

(1) बद्रूद्दीन तैय्यबजी

(2) रहीमतुल्लाह मोहम्मद सयानी

(3) हकीम अजमल खान

(4) मोहम्मद इस्माईल यूसुफ़

70. किस वर्ष में महिलाओं ने पहली बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्यवाही में भागीदारी की ?

(1) 1885

(2) 1889

(3) 1898

(4) 1904

71. **सूची-I** का मिलान **सूची-II** से कीजिए। नीचे दिए गए **कूट** से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (लेखक)** | | **सूची-II (कृति)** |
|---|---|---|---|
| (a) | निकोलो मैकियावेली | (i) | *ऑन एडव्हान्समेंट ऑफ लर्निंग* |
| (b) | दान्ते एलिघियरी | (ii) | *गार्गनतुआ* |
| (c) | फ्रांकॉय रेबेलाई | (iii) | *डिवाइन कॉमेडी* |
| (d) | फ्रांसिस बेकन | (iv) | *द प्रिंस* |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

72. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन (A)** तथा दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** विदेशी शासन के लिए सभी की साझा रूप से घृणा की भावना के अतिरिक्त, 1857 के विद्रोहियों के पास भविष्य के लिए कोई निश्चित राजनैतिक दृष्टि नहीं थी।

**कारण (R) :** असफलता में भी 1857 की क्रांति ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य किया।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है ?

(1) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** का सही स्पष्टीकरण **(R)** है।

(2) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही है, किन्तु **(A)** का सही स्पष्टीकरण **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

73. द्वितीय विश्वयुद्ध के अंत में, जापान ने कब और कहाँ समर्पण के दस्तावेजों पर अंततः हस्ताक्षर किए ?

(1) 9 अगस्त, 1945 को सम्राट हीरोहितो के निवासस्थान, क्योटो में।

(2) 2 सितम्बर, 1945 को अमेरिकी युद्धपोत मिसोरी पर।

(3) 16 अक्तूबर, 1945 को टोक्यो में

(4) 11 नवम्बर, 1945 को पोर्टस्माउथ में

TELEGRAM - @TEACHINGEXAM FOR CTET DSSSB KVS AND OTHER EXAM



**74.** द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, जापानी आक्रमण के प्रत्युत्तर में, चीन ने किस प्रकार प्रतिक्रिया दी ?

(1) चीनियों ने जापान के समक्ष पूर्णतय: आत्मसमर्पण कर दिया।

(2) चीनियों ने पश्चिमी शक्तियों से मदद की गुहार लगाई।

(3) चैंग काई-शेक और चीनी साम्यवादियों के देशभक्त/समर्थक पृथक रूप से लड़े।

(4) चैंग काई-शेक और चीनी साम्यवादियों के समर्थकों ने जापान के विरुद्ध एक अस्थायी सन्धि/गठजोड़ किया।

**75.** चीन में, साम्राज्ञी डौजर सिझि के विरुद्ध बॉक्सर (Boxer) विद्रोह कब हुआ ?

(1) 1878 - 1881 में

(2) 1886 - 1887 में

(3) 1898 - 1900 में

(4) 1904 - 1906 में

**76.** नए चीनी गणराज्य का प्रथम आधिकारिक राष्ट्रपति कौन बना ?

(1) युआन शिकाई

(2) सन यत सेन

(3) डेंग ज़ियोपिंग

(4) चैंग काई-शेक

**77.** निम्नलिखित में से किसका प्राटेस्टैन्ट आंदोलन में योगदान **नहीं** था ?

(1) जॉन हस

(2) मार्टिन लूथर

(3) जॉन केल्विन

(4) कार्ल बार्थ

**78.** 1919 में चीनी देशभक्त छात्रों के प्रदर्शनों को, जिसने 'विज्ञान और लोकतन्त्र' की संकल्पना को रेखांकित किया, क्या कहा गया ?

(1) मई फोर्थ मुवमेंट (आंदोलन)

(2) प्रगति संग समाज आंदोलन

(3) तियानमन स्क्वेयर आंदोलन

(4) 'कनफुशिअन धर्म की ओर' आंदोलन

**79.** ऐतिहासिक संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'पुनर्जागरण' काल के विषय में सही **नहीं** है?

(1) यह एक सांस्कृतिक गतिविधि थी जो रोमन एवं यूनानी (ग्रीक) पारंपरिक युग में पुनःजागृत रुचि का सूचक थी।

(2) इसका उद्देश्य प्राचीन पारंपरिक युग की सांस्कृतिक उपलब्धियों की प्रतिकृति करना था, जिससे व्यक्ति को पोप के बंधन से मुक्त किया जा सके।

(3) इसका अर्थ था कला, साहित्य एवं सामाजिक मूल्यों के पारंपरिक ज्ञान का उनके अपने सामाजिक उपक्रम के साथ व्यवहारिक उपयोग।

(4) पुनर्जागरण काल के लेखकों ने मध्य युगीन संस्कृति के प्रति सशक्त नापसंदगी का प्रदर्शन किया।

**80.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन (A)** तथा दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है :

**कथन (A) :** 1784 के पिट्स इंडिया अधिनियम के तहत, कंपनी के भू-क्षेत्रीय अधिकारों को छुआ नहीं गया, केवल भारत के जनसाधारण संबंधी मामलों तथा प्रशासन को अधिक प्रत्यक्ष नियंत्रण में लाया गया।

**कारण (R) :** बम्बई तथा मद्रास प्रेसिडेंसीस को गवर्नर जनरल के अधीनस्थ करके एक स्पष्ट पदानुक्रम को स्थापित किया गया।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** है?

(1) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** का सही स्पष्टीकरण **(R)** है।

(2) **(A)** तथा **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(A)** का सही स्पष्टीकरण **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।